तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 15 अगस्त 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 देशभक्ति के नारों से गूंजा शहर, तिरंगा यात्रा में सभी वर्गों के ...



13 छत्तीसगढ़िया संस्कृति और कला को दीवारों पर...



## खबर संक्षेप

### मालवाहक से 11 लाख का मिला गांजा

**भिलाई।** भारी मात्रा में दो माल वाहक से पुलिस ने गांजा बरामद किया है। जिसकी कीमत 11 लाख रुपए आंकी गई है। अज्ञात आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत कार्रवाई किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि मंगलवार की सुबह मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली कि डीआई वाहन सीजी 04 जे 4787 में अवैध गांजा परिवहन किया जा रहा है। भटगांव निवासी संतोष द्वारा उड़िसा से भारी मात्रा में गांजा लाकर सप्लाई के लुए दो माल वाहक में चेम्बर बनाकर लाया करते थे। एसीसीयू टीम पैनी नजर लगाई हुई थी। पुलिस को सूचना मिली कि एक वाहन उडिसा गांजा लेने गई थी और गांजा लेकर आ गई है। टीम चौंकी जेवरा सिरसा के आस-पास के गांव भटगांव, करंजा भिलाई, रवेलीडीह, समोदा, अरसनारा में तलाश किया जा रहा था। एसीसीयू और जेवरा सिरसा पुलिस घेराबंदी किया। 13 अगस्त को कचांदूर गौठान खार के पास माल वाहक छिपाकर रखा गया था। जिसे पुलिस ने जब्त कर तलाशी लेने पर वाहनों में ट्राली के नीचे चेंबर में के भीतर 104 पाकेट गांजा करीब 113 किलो बरामद किया गया। जिसकी कीमत 11 लाख 25 हजार रुपए आंकी गई है।

### विधायक ने लिया आवंटन का जायजा

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय परिसर में मंगलवार को आवास आबंटन लॉटरी पद्वति से किया जा रहा था। इसी दौरान वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन औचक रूप से लॉटरी पद्वति से किये जा रहे आबंटन प्रक्रिया का जायजा लेने पहुंचे। हितग्राहियो द्वारा 10 प्रतिशत अंशदान राशि जमा कर चुके थे। वे हितग्राही अपने क्षेत्र के मकान के ड्रा मे शामिल हो रहे थे। एक-एक करके सबका नाम पुकारा जा रहा था, हितग्राही स्वयं आकर अपने हाथो से डब्बे में से पर्ची निकाल रहे थे। जिसके भाग्य में जो मकान की पर्ची निकलती थी, वो उसे प्रदान कर दिया जा रहा था।

### स्वतंत्रता दिवस में सुरक्षा को लेकर आईजी की बैठक

**भिलाई।** आईजी राम गोपाल गर्ग ने पुलिस कंट्रोल सेक्टर 6 में पुलिस अधिकारियों की बैठक लिया। बैठक में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा किया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वीर शहीदों के सम्मान में शहीद परिवार के लिए उचित व्यवस्था के निर्देश भी दिए गए। 15 अगस्त में कोई भी अप्रिय स्थिति निर्मित न हो। सुरक्षा व्यवस्था के तहत संभावित खतरों की पहचान और उनकी रोकथाम के लिए रणनीतियों पर विशेष ध्यान दिया गया। इसके अलावा जिले के सभी थाना प्रभारियों को सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करने और पेट्रोलिंग बढाने के निर्देश भी दिए। 3 घंटे से अधिक चली बैठख में अपराधों की रोकथाम के लिए गंभीर अपराध, हत्या, हत्या का प्रयास, अन्य जघन्य अपराधों के निराकरण, लंबित चालान, मर्ग प्रकरणों, शिकायतों के निराकरण के लिए कार्ययोजना बनाने, अनसुलझे मामलों, संपत्ति से जुड़े अपराधों में टीम बनाकर कार्रवाई को आईजी ने कहा है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज करने पर भी जोर दिया।

### विवाद के बाद युवक की हत्या, किया प्रदर्शन

**भिलाई।** आपसी विवाद के चलते एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है। घटना पदमनाभपुर पुलिस थाना क्षेत्र का है। पद्मनाभपुर पुलिस ने बताया कि बोरसी भाठा वार्ड 50 निवासी शुभम बंदे घर से खाना खाकर टहलने निकला था। सोमवार रात कुछ युवकों से आपसी रंजिश को लेकर उसे चाकू डंडा से हत्या कर फरार हो गए। जानकारी मिलने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। शुभम रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना में आरोपियों ने युवक के पेट, पीठ पर चाकूओं से वार किया था।

# होटल ढाबों व मिठाई दुकानों के 49 में से 8 नमूने फेल, सवा लाख का जुर्माना

## रक्षाबंधन त्योहार के मद्देनज़र खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मारा छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा रक्षाबंधन त्यौहार को ध्यान में रखते हुए जिला अंतर्गत होटल, मिष्ठान भण्डार, होटल, ढाबा, डेयरी व बेकरी फर्म इत्यादि का निरीक्षण किया जा रहा है। चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला शहरी क्षेत्र अंतर्गत स्थित विभिन्न फर्मों पंजाब किचन, रसोई फेमिली गार्डन रेस्टॉरेंट, मारवाड़ी भोजनालय एवं रेस्टोरेंट, गुप्ता स्वीट्स दोसा कार्नर, शेरे पंजाब ढाबा, केके ढाबा, सुरुचि भोजनालय इत्यादि से 49 खाद्य नमूना संकलित कर मौके जांच की गई। उनमें से 41 मानक तथा 8 अमानक पाए गए। फर्म रसोई रेस्टोरेंट से मिक्स वेजी तथा चटनी 3.5 किग्रा को तथा शेरे पंजाब ढाबा से करेला सब्जी 1.5 किग्रा का अमानक पाए जाने पर मौके पर नष्ट कराया गया।

गुणवत्ता में शंका के आधार पर बेमेतरा स्थित मां दुर्गा डेयरी से दही लूज, पनीर लूज, जय भगवती जोधपुर स्वीट्स एण्ड नमकीन से मिल्क केक लूज व बूंदी लड्डू लूज, रसोई रेस्टोरेंट से वेज बिरयानी लूज व बेरला स्थित दुर्गा स्वीट्स से कुंदा लूज के कुल 5 नमूने लेकर परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। वहीं, सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों के उल्लंघन पाए जाने पर 8 विभिन्न फर्मों को कुल 1 लाख 25 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।



### बिना लाइसेंस कोल्ड स्टोरेज का संचालन 50 हजार का अर्थदंड

जांच के दौरान बिना खाद्य लाइसेंस संचालित पाए जाने पर बेरला ब्लॉक स्थित फर्म श्री राधेमणी कोल्ड स्टोरेज, ग्राम हरदी को न्यायालय द्वारा 50 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। वहीं, जांच में अमानक स्तर के पाए गए खाद्य पदार्थों के प्रकरण को न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। उक्त निरीक्षण व जांच खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजू कुर्रे एवं कमल प्रसाद, नमूना सहायक द्वारा किया जा रहा है।

## आजादी के जश्न से पहले बेमेतरा में किया गया सद्भावना दौड़ का आयोजन

# सामुदायिक एकता व सौहार्द्र को बढ़ावा देने लोगों ने लगाई दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ज़िला मुख्यालय बेमेतरा में आजादी के जश्न से पहले बेमेतरा में सद्भावना दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक दीपेश साहू, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, योगेश तिवारी, जनप्रतिनिधि, कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, ज़िला अधिकारी-कर्मचारी सहित स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौड़ का उद्देश्य सामुदायिक एकता और सौहार्द्र को बढ़ावा देना था, जिसमें सभी वर्गों के लोग एकजुट होकर भाग लिया। दौड़ की शुरुआत स्थानीय विधायक दीपेश साहू ने हरी झंडी दिखाकर की। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने भी दौड़ में हिस्सा लिया। स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी बड़े उत्साह के साथ भागीदारी की और अपनी ऊर्जा और जोश का प्रदर्शन किया। सद्भावना दौड़ ज़िला मुख्यालय के जय स्तंभ चौक से शुरू हुई, जो सिग्लनल चौक, बस्ती चौक, दुर्गा मंदिर, गौरव पथ, राम मंदिर और भारत माता चौक होकर जय स्तंभ पर समाप्त हुई। लोगों ने सेल्फ़ी पाइंट पर सेल्फ़ी ली। कैनवास पर तिरंगा यात्रा और सद्भावना के लिए दो शब्द लिखे।



### शांति व सद्भावना बनाए रखने की दिलाई शपथ

विधायक दीपेश साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता और भाईचारे की भावना को प्रबल बनाते हैं और हमें मिलजुल कर रहने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम को जनप्रतिनिधियों सहित कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने भी संबोधित किया। एकता की भावना बनाये रखने पर बल दिया। दौड़ के अंत में सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और समाज में शांति और सद्भावना बनाए रखने की शपथ दिलाई गई।

# अछोली में छात्रों ने निकाली तिरंगा यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

विकासखण्ड बेरला क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम अछोली में शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय अछोली में विद्यार्थियों ने तिरंगा यात्रा निकाली।

इस दौरान देश भक्ति नारे, शहीदों की कुर्बानी और वंदे मातरम के नारे से पूरे गांव की गली में गूंजने लगा था। बच्चों के साथ हाई स्कूल प्रचार्य एस.पी. कोशले, पूर्व माध्य प्राचार्य आर. एस. माली, प्रा. शाला शिक्षक पीलू राम बंजारे सहित युवा मोर्चा जिला प्रभारी प्रचार प्रसार भाजयुमो बेमेतरा लोमेश कुमार सेन, जयनारायण साहू सरपंच ग्राम पंचायत अछोली सहित विद्यालय के शिक्षक आशीष वर्मा, रोशन वर्मा, उर्वशी निषाद, कुशलता डहरिया, अरविंद मानिकपुरी, सुखनंदन साव, सरोज सिंह, रतनिका ठाकुर, घनस्याम साहू, रामाधार पाटिल, सुशील कुमार खुटेल और ग्राम के गणमान्य नागरिक प्यारेलाला निषाद, सोहन लाल साहू, लीलाधर साहू, हेमंत सेन, अमित चौहान, योगेश निषाद आदि मौजूद रहे।

# कैदियों को समय पर उपलब्ध कराएं प्रभावी व गुणवत्तापूर्ण विधिक सेवाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, प्रधान न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के मार्गदर्शन में निधि शर्मा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नालसा के एसओपी के तहत जिला जेल, बेमेतरा में जेल निरीक्षण अधिवक्ताओं एवं सामुदायिक पैरालीगल वालेंटियर, निरूद्ध बंदी पैरालीगल वालेंटियर के दायित्व निर्वहन के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में सचिव द्वारा जेल लीगल एड क्लीनिक के काम-काज को मजबूत करने के लिए और कैदियों को समय पर प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण विधिक सेवाएं उपलब्ध

■ जिला जेल बेमेतरा में किया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

कराने हेतु निर्देश दिया गया। जेल निरीक्षण के लिए अधिवक्ताओं एवं पैरालीगल वालेंटियर्स को प्रत्येक सप्ताह के 4 दिवस में विजिट करने के दौरान जेल में निरूद्ध बंदियों को जारी एसओपी के तहत कानूनी सहायता/सलाह एवं जिन बंदियों को जेल में लाया जाता है, उन्हें तुरंत निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करते हुए कानूनी अधिनियमों की जानकारी प्रदान किये जाने एवं संबंधित रजिस्टर संधारित करने, निर्देश दिया गया। नियुक्त निरीक्षण अधिवक्ताओं एवं सामुदायिक पैरालीगल वालेंटियर द्वारा कैदियों के संबंध में स्वास्थ्य एवं उनकी कानूनी सहायता संबंधी जानकारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा के समक्ष प्रत्येक सप्ताह रखने को निर्देशित किया गया।

साथ ही सचिव द्वारा बंदियों के लिए कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त प्रशिक्षण में लीगल एड कौंसिल सिस्टम चीफ दिनेश तिवारी, डिप्टी चीफ, असिस्टेंट, जेल अधीक्षक और पैरालीगल वांलेटियर्स भी उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा अभियान के तहत कन्या शाला में हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा महा अभियान के अंतर्गत शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर में शासन द्वारा प्रस्तावित, स्वतंत्रता दिवस संबंधित रंगोली, निबंध प्रतियोगिता तथा चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। साथ ही नशा मुक्ति दिवस की चौथी वर्षगांठ के अवसर पर बच्चों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

उक्त अवसर पर प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल ने बच्चों को बताया कि वर्तमान में नशा की लत ने अनेकों परिवारों के जीवन को विनाश की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है, जो चिंता का विषय है। हमें स्वयं को और अपने आस-पास के लोगों को चित परिचितों को नशा की लत से उबारने के लिए भरसक प्रयास करना चाहिये। साथ ही निबंध लेखन और रंगोली तथा चित्रकारी के माध्यम से बच्चों में राष्ट्र प्रेम की भावना को जागृत करने का प्रयास किया गया। शाला में पेंटिंग कार्य के लिए पहुंचे पेंटर हरिशंकर ने बालिकाओं के उत्साहवर्धन के लिए स्वरचित गीत का गायन भी किया। कार्यक्रम में मैमुना सुल्ताना श्वेता वर्मा, आशुतोष चौबे और वीणा रावटे सहित सभी बालिकाएं उपस्थित थीं।



### तिरंगे के प्रति गौरव की अनुभूति जगाने राखी में निकाली गई रैली



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला राखी में, हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा कार्यक्रम हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है। इसके तहत गीत, कविता वाचन, लेखन झंडा दौड़, चित्रकला प्रतियोगिता के बाद हर घर तिरंगा रैली निकाली गई। कार्यक्रम में प्रधान पाठिका गायत्री जोगी, किरण कुंजाम, सरोज साहू, नीलम देवांगन, कमलेश्वरी साहू, प्रतीक्षा दुबे, बिंदिया अग्रवाल गुलापा वर्मा शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राकेश टंडन, सुनील साहू, सुरेश साहू, जितेंद्र भारती सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

## ज़िला अस्पताल की टीम 20 माह में किया कमाल

# 20 माह में बची 767 नवजात शिशुओं की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ज़िला अस्पताल में विशेष नवजात देखभाल इकाई संचालित है। यहां अब तक भर्ती हुए 767 नवजात शिशुओं के इलाज में डॉ दीपक कुमार निरौला और उनकी टीम ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। ये नवजात शिशु कई गंभीर बीमारियों से जूझ रहे थे, जिनमें से कई प्रीमेच्योर और कम वजन के थे। कुछ का वजन 1000 ग्राम से भी कम था। इन 100 नवजात शिशुओं को विशेष देखभाल की आवश्यकता थी, जिसमें सांस लेने में कठिनाई (19), बर्थ एस्फेजिया (246), पीलिया (297), बुखार (30), सेप्सीस (47), बर्थ डिफेक्ट (3) और मिकोनियम (11) जैसे जटिल मामले शामिल थे। जिला चिकित्सालय बेमेतरा में एसएनसीयू स्पेशल न्यूनेटल केयर यूनिट 20 माह पहले शुरू हुई है। इससे पहले व्यक्ति स्वास्थ्य गत सुविधाओं को लेकर रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर या अन्य शहरों की ओर जाते थे। ऐसे में जहाँ प्राईवेट अस्पतालों में एस.एन.सी.यू. में भर्ती हुए बच्चों के ईलाज में परिजनों का काफी मोटी रकम खर्चा हो जाता है, वहीं जिला चिकित्सालय बेमेतरा के सरकारी अस्पताल में अब इनका ईलाज फ्री है, जिसका लाभ अब तक कुल 767 परिजनों ने लिया है ।



जिला चिकित्सालय बेमेतरा के एस.एन.सी. यू. विभाग में नवजात के देख-रेख व उपचार हेतु मशीने जैसे कि रेडियंट वार्मर फोटोथैरेपी, वेंटीलेटर आदि सभी बड़ी मशीने व सुविधायें उपलब्ध हैं। 20 महीने में 767 नवजात शिशुओं की जान बची। यहां सभी प्रकार की अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

### बहुत कमजोर थे कई बच्चे

एस.एन.सी.यू. में भर्ती होने वाले इन नवजातों के लिए कई चुनौतियाँ थीं। कई शिशु इतने कमजोर थे कि वे दूध भी नहीं पी सकते थे। इसके बावजूद, डॉ निरौला और उनकी टीम ने हर बच्चे को अत्यधिक समर्पण और विशेषज्ञता के साथ देखा और उनका सफलतापूर्वक इलाज किया। उनके समर्पण और विशेषज्ञता ने कई नवजातों को जीवनदान दिया है और उनके परिवारों के लिए खुशी और राहत का कारण बने हैं।



# सेवा सहकारी समिति मर्या.-छिरहा
शाखा – नवागढ़, जिला – बेमेतरा (छ.ग.)

Respectful Salute to Our INDIA

15 अगस्त 2023
समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ...

मा.विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छ.ग.शासन

मा.दयालदास बघेल
खाद्य मंत्री,छ.ग.शासन

महेन्द्र टेकाम – प्राधिकृत अधिकारी
रोहित चंदेल – समिति प्रबंधक
रविशंकर साहू – सहायक समिति प्रबंधक
दिलहरण जायसवाल – लिपिक/कम्प्यूटर ऑपरेटर
सुनिल चन्द्राकर – लिपिक
गोविन्द जायसवाल – विक्रेता
महेश बघेल – विक्रेता
धनेश्वर यादव – भृत्य
मोहित जायसवाल – अतिरिक्त कर्मचारी

# सेवा सहकारी समिति मर्या.-मजगांव
पंजीयन क्रमांक 373, शाखा – नवागढ़, जिला – बेमेतरा (छ.ग.)

HAPPY INDEPENDENCE DAY

15 अगस्त 2022
समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ...

मा.दयालदास बघेल
खाद्य मंत्री,छ.ग.शासन

मा.विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छ.ग.शासन

महेन्द्र टेकाम – प्राधिकृत अधिकारी
चुरामणी साहू – प्रभारी समिति प्रबंधक
नीलकंठ पटेल – लिपिक
धर्मेन्द जायसवाल – कम्प्यूटर ऑपरेटर

नरेन्द्र मोदी (मा.प्रधानमंत्री), विष्णु देव साय (मुख्यमंत्री), अरुण साव (उपमुख्यमंत्री), विजय शर्मा (उपमुख्यमंत्री), दयालदास बघेल (खाद्य मंत्री)

# ग्राम पंचायत चिल्फी
के ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं ...

15 August स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

निरंजन डेहरे – सचिव
रामजी यादव – सरपंच

विनीतः- सरपंच एवं समस्त पंचगण

नरेन्द्र मोदी (मा.प्रधानमंत्री), विष्णु देव साय (मुख्यमंत्री), अरुण साव (उपमुख्यमंत्री), विजय शर्मा (उपमुख्यमंत्री), दयालदास बघेल (खाद्य मंत्री)

# ग्राम पंचायत पचभैया
के ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं ...

15 August स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

कोदूराम कोशले – सचिव
हेमलता अनंत – रोजगार सहायक
धनेश चंद्राकर – सरपंच

विनीतः- सरपंच एवं समस्त पंचगण

# हरिभूमि परिवार दाढ़ी
15 August स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
के ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं ...

टीकम बंजारे – हरिभूमि संवाददाता
हेमंत बंजारे – हरिभूमि संवाददाता
ऋषभ बंजारे – हरिभूमि संवाददाता

विनीतः- हरिभूमि परिवार दाढ़ी

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# सेवा सहकारी समिति दाढ़ी (पं.क्र. 1290)

मा. दयालदास बघेल – केबिनेट मंत्री, छ.ग.शासन
मा. विष्णुदेव साय – मुख्यमंत्री, छ.ग.शासन
मा. केदार कश्यप – सहकारिता मंत्री, छ.ग.शासन
नारद सिंह वर्मा – प्राधिकृत अधिकारी, शाखा प्रबंधक, जिला सहकारी बैंक मर्या. दुर्ग शाखा-दाढ़ी
योगेश कुंभकार – लेखापाल
मनोज साहू – कम्प्युटर ऑपरेटर
योगेश कुमार चंद्राकर – कम्प्युटर ऑपरेटर
हरीश चंद्राकर – सहायक समिति प्रबंधक
सत्यनारायण डेहरे – समिति प्रबंधक

# सेवा सहकारी समिति कुरदा (पं.क्र. 1335)

मा. विष्णुदेव साय – मुख्यमंत्री, छ.ग.शासन
मा. दयालदास बघेल – केबिनेट मंत्री, छ.ग.शासन
मा. केदार कश्यप – सहकारिता मंत्री, छ.ग.शासन

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जलते भी गये कहते भी गये, आजादी के परवाने
जीना तो उसी का जीना है, जो मरना देश पर जानें।

दिनेश साहू – प्रभारी समिति प्रबंधक
नारद सिंह वर्मा – प्राधिकृत अधिकारी, शाखा प्रबंधक, जिला सहकारी बैंक मर्या. दुर्ग शाखा-दाढ़ी
अशोक साहू – लिपिक
रेवती मानिकपुरी – कम्प्युटर आपरेटर
नरेन्द्र राजपूत – सेल्समेन
भुनेश्वर राजपूत – चौकीदार
शत्रुहन चंद्राकर – चौकीदार
कुम्भलाल चंद्राकर – कर्मचारी
प्रीतम यादव – कर्मचारी
रोशन सिन्हा – कर्मचारी

# सेवा सहकारी समिति सैगोना (पं.क्र. 358)

मा. विष्णुदेव साय – मुख्यमंत्री, छ.ग.शासन
मा. दयालदास बघेल – केबिनेट मंत्री, छ.ग.शासन
मा. केदार कश्यप – सहकारिता मंत्री, छ.ग.शासन
मा. ईश्वर साहू – विधायक साजा

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुंदर है जग में सबसे, नाम भी न्यारा है
जहां जाति-भाषा से बढ़कर, देश-प्रेम की धारा है

योगेश पटेल – समिति प्रबंधक, सेवा सहकारी समिति सैगोना
योगेन्द्रधर दीवान – शाखा प्रबंधक, जिला सहकारी बैंक मर्या. दुर्ग शाखा -खंडसरा
प्रदीप सिन्हा – लिपिक
पुरूषोत्तम सिन्हा – डाटा एंट्री ऑपरेटर
पंकज वर्मा – सेल्समेन
सुनिल चंद्राकर – कर्मचारी

# सेवा सहकारी समिति उमरिया (पं.क्र. 372)

मा. विष्णुदेव साय – मुख्यमंत्री, छ.ग.शासन
मा. दयालदास बघेल – केबिनेट मंत्री, छ.ग.शासन
मा. केदार कश्यप – सहकारिता मंत्री, छ.ग.शासन

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

वतन हमारा ऐसे ना छोड़ पाए कोई,
रिश्ता हमारा ऐसे ना तोड़ पाए कोई,
दिल हमारे एक है एक है हमारी जान,
हिंदुस्तान हमारा हैं हम हैं इसकी शान

मुकेश चन्द्राकर – प्रभारी समिति प्रबंधक
नारद सिंह वर्मा – प्राधिकृत अधिकारी, शाखा प्रबंधक, जिला सहकारी बैंक मर्या. दुर्ग शाखा-दाढ़ी


संकलनकर्ता : प्रिंस हरिभूमि न्यूज एजेंसी दाढ़ी मों.9630217014 (टीकम बंजारे)










संकलनकर्ता - राजेश शर्मा (राजू) हरिभूमि संवाददाता साजा मो. 6260675039

## सेवा सहकारी समिति मर्यादित, कुसमी (पंजीयन क्रमांक - 381)

जिलावासियों को **स्वतंत्रता दिवस** की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..

**सनत वर्मा** प्राधिकृत अधिकारी शाखा प्रबंधक, खर्रा

**रामकरण वर्मा** सहायक समिति प्रबंधक

## सेवा सहकारी समिति मर्यादित, आनंदगांव (पंजीयन क्रमांक - 591)



जिलावासियों को **स्वतंत्रता दिवस** की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..

**विजय सिन्हा** प्राधिकृत अधिकारी

**संदीप साहू** सहायक समिति प्रबंधक

**सनत वर्मा** शाखा प्रबंधक

## सेवा सहकारी समिति मर्यादित, सरदा (पंजीयन क्रमांक - 914)

जिलावासियों को **स्वतंत्रता दिवस** की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..

**सनत वर्मा** प्राधिकृत अधिकारी शाखा प्रबंधक, खर्रा

**लेखराम साहू** सहायक समिति प्रबंधक

## सेवा सहकारी समिति मर्यादित, टकसींवा (पंजीयन क्रमांक - 2023)



जिलावासियों को **स्वतंत्रता दिवस** की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..



**विजय सिन्हा** प्राधिकृत अधिकारी टकसींवा

**कमल नारायण शर्मा** शाखा प्रबंधक, बेरला

**लक्ष्मण प्रसाद साहू** प्रबंधक, टकसींवा

अरूण कुमार टंडन, मनोज देशलहरे (ऑपरेटर), संतोष चक्रधारी, फूलदास (विक्रेता), शिवप्रसाद यादव, सुमन चक्रधारी (दैनिक कर्मचारी)

## सेवा सहकारी समिति मर्यादित, कठिया (पंजीयन क्रमांक - 1138)

जिलावासियों को **स्वतंत्रता दिवस** की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..



**एम.सी. अनंत** प्राधिकृत अधिकारी शाखा प्रबंधक, जेवरा

**हीरालाल चंद्राकर** समिति प्रबंधक कठिया

## सेवा सहकारी समिति मर्यादित, हसदा (पंजीयन क्रमांक - 2033)

जिलावासियों को **स्वतंत्रता दिवस** की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..

**मदन लाल** प्राधिकृत अधिकारी शाखा प्रबंधक, भिंभौरी

**देवलाल सिन्हा** सहायक समिति प्रबंधक

## सेवा सहकारी समिति मर्यादित, गुधेली (पंजीयन क्रमांक - 85)

जिलावासियों को **स्वतंत्रता दिवस** की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..

**मदन लाल** प्राधिकृत अधिकारी शाखा प्रबंधक, भिंभौरी

**भीमराव खोब्रागड़े** प्रबंधक सेवा सहकारी समिति, गुधेली

## सेवा सहकारी समिति मर्यादित, सल्धा (पंजीयन क्रमांक - 378)

जिलावासियों को **स्वतंत्रता दिवस** की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..



**जीवन ठाकुर** प्राधिकृत अधिकारी शाखा प्रबंधक, देवरबीजा

**तीजऊराम निर्मलकर** प्रबंधक सेवा सहकारी समिति, सल्धा

## सेवा सहकारी समिति मर्यादित, चोगीखपरी (पंजीयन क्रमांक - 377)

जिलावासियों को **स्वतंत्रता दिवस** की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..



**एच.डी. मैत्री** प्राधिकृत अधिकारी शाखा प्रबंधक, देवकर

**नरसिंग साहू** सहायक समिति प्रबंधक सेवा सहकारी समिति, चोगीखपरी

आशीष राजपूत, अजय निषाद (कम्प्यूटर ऑपरेटर), कौशल कुमार, मनोज निषाद

## सेवा सहकारी समिति मर्यादित, बांसा (पंजीयन क्रमांक - 499)

जिलावासियों को **स्वतंत्रता दिवस** की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..

**कमल नारायण शर्मा** प्राधिकृत अधिकारी शाखा प्रबंधक, बेरला

**खिलेन्द्र कुमार** सहायक समिति प्रबंधक बांसा


स्वतंत्रता दिवस
15 अगस्त
की हार्दिक शुभकमनाएं ...
आजादी के अमृत महोत्सव में देश के हर घर में
लहराएगा तिरंगा
हर घर तिरंगा अभियान
13 से 15 अगस्त 2024
रूपकुमारी चौधरी
सांसद, महासमुंद लोकसभा
दीपेश साहू
विधायक, बेमेतरा


ऐ मेरे वतन के लोगों, जरा आंख में भर लो पानी,
जो शहीद हुए हैं उनकी जरा याद करो कुर्बानी...
मान. दयालदास बघेल
केबिनेट मंत्री, छ.ग. शासन
मान. दीपेश साहू
विधायक, बेमेतरा
मान. ईश्वर साहू
विधायक, साजा
स्वतंत्रता दिवस
की बेमेतरा विधानसभा क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं....
शिव साहू
पुर्व पार्षद एवं उपाध्यक्ष भाजपा
शहर मंडल बेमेतरा


































संकलनकर्ता : प्रिंस हरिभूमि न्यूज ऐजेसी दाढ़ी मों.9630217014 (टीकम बंजारे)

## खबर संक्षेप

### यात्रियों के अभाव में एलायंस एयर की जगदलपुर फ्लाइट बंद

**रायपुर।** यात्रियों की कमी के चलते रायपुर-जगदलपुर-हैदराबाद की एलायंस एयर की हवाई सेवा बंद कर दी गई है। हवाई सेवा बंद करने की आधिकारिक पुष्टि एयरपोर्ट डायरेक्टर ने की है। गौरतलब है कि जगदलपुर के लिए एलायंस एयर के अलावा इंडिगो की फ्लाइट सेवा है, जिसमें से एलायंस एयर की फ्लाइट बंद होने से जगदलपुर के लिए वर्तमान में अब इंडिगो की फ्लाइट शेष रह गई है। एलायंस एयर की फ्लाइट बंद होने से रायपुर से हैदराबाद जाने वाले यात्री कुछ हद तक प्रभावित होंगे। एयरपोर्ट डायरेक्टर के अनुसार, एलायंस एयरलाइंस की फ्लाइट को ऑपरेशनल कारणों से बंद कर दिया गया है। गौरतलब है कि 72 सीटर फ्लाइट का संचालन 31 मार्च से रोजाना किए जाने की घोषणा की गई थी, लेकिन यात्रियों की कमी के चलते फ्लाइट को सप्ताह में दो दिन चलाया जा रहा था।

### इंडोर स्टेडियम में 19 को राष्ट्रीय भोजली महोत्सव, 8 राज्यों से आएंगे समाजजन

**रायपुर।** राजधानी के बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में आदिवासी गोंड समाज द्वारा राष्ट्रीय भोजली महोत्सव का आयोजन 19 अगस्त को किया जा रहा है। इसमें गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षक समिति और छत्तीसगढ़ गोंडवाना समाज के आव्हान पर देश के 8 राज्यों से समाज प्रमुख और आदिवासी गोंड समाज के समाजन बड़ी संख्या में भाग लेने रायपुर आएंगे। इस मौके पर बूढ़ादेव की विधि-विधान से पूजा अर्चना कर प्रदेश के विभिन्न राज्यों से आए लोक नर्तक दल कार्यक्रम स्थल पर रंगारंग पारंपरिक नृत्य व गीतों की सामूहिक प्रस्तुति देंगे। समाज के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभान नेताम, प्रदेश महासचिव प्रीतम छेदइया, कोषाध्यक्ष गौकरण सिंह कुंजाम, शहर जिला अध्यक्ष डूमन ओटी और समाज के प्रतिनिधि मोहित कुमार ने संयुक्त पत्रकार वार्ता में इस बात की जानकारी दी।

### महादेव सट्टा के आरोपी, रिश्वतखोर पटवारी जेल दाखिल

**रायपुर।** महादेव सट्टा के आरोप में पिछले दिनों ईओडब्लू द्वारा गिरफ्तार किए गए तीन आरोपी विश्वजीत राय, भारत ज्योति पाण्डेय तथा अतुल सिंह की पुलिस रिमांड समाप्त होने के बाद ईओडब्लू ने मंगलवार को स्पेशल कोर्ट में पेश किया। लोक अभियोजक मिथिलेश वर्मा ने कोर्ट को बताया कि तीनों आरोपियों से पूछताछ पूरी हो गई है। कोर्ट के आदेश पर तीनों आरोपियों को 20 अगस्त कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया गया है। बी-1 खसरा की सत्यापित रिपोर्ट देने के बदले में रिश्वत की मांग करने वाला पटवारी बृजेश मिश्रा को कोर्ट ने 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में 27 अगस्त तक जेल भेजने का फैसला सुनाया है। महादेव सट्टा एप के आरोप में पूर्व में गिरफ्तार राहुल वकटे, किशन लाल वर्मा, रितेश यादव तथा अमित अग्रवाल ने जमानत के लिए स्पेशल कोर्ट में आवेदन पेश किया है।
कोर्ट ने आरोपियों के जमानत

### एनएसयूआई चलाएगी 'छात्र चर्चा अभियान'




**रायपुर।** छात्रसंघ चुनाव पांच मुद्दों को लेकर एनएसयूआई राज्य सरकार को घेरने की तैयारी में है। मंगलवार को हुई एनएसयूआई की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में इसे लेकर चर्चा हुई। इसमें प्रदेश प्रभारी आकाश चौधरी भी शामिल हुए। इस मौके पर एनएसयूआई द्वारा छात्र चर्चा अभियान का पोस्टर भी जारी किया गया। इस अभियान के अंतर्गत ही एनएसयूआई छात्रों से तय पांच मुद्दों पर संवाद करेगी। इन पांच मुद्दों में छात्र संघ चुनाव के अलावा नीट नेट पेपर लीक, सरकारी भर्ती, प्रतियोगी परीक्षा निःशुल्क कराने, बेरोजगारी भत्ता के मुद्दे शामिल हैं। पोस्टर जारी करने के साथ ही इस अभियान को किस तरह से बड़ा स्वरूप देना है, इस पर चर्चा हुई।

# छत्तीसगढ़िया संस्कृति और कला को दीवारों पर उकेरते हैं मिंटू माझी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

10 साल की उम्र में एक बच्चे ने कला के क्षेत्र में कॅरियर बनाने का सपना देखा। जब वह मिट्टी को हाथ में लेता तो नई कलाकृतियों का चित्त में उदय होता। इसी हुनर को तराशते हुए अब उसने अपनी एक अलग ही पहचान बना ली है। यहां हम बात कर रहे हैं राजधानी रायपुर के महावीर नगर निवासी मिंटू मांझी की। मिंटू ने अपनी जन्मभूमि कोलकाता से दूर रहते हुए छत्तीसगढ़ को अपनी कर्मभूमि बना लिया है। उसकी छत्तीसगढ़ के प्रति लगन ने उसे कभी अपनी जन्मभूमि वापस लौटने के बारे में सोचने तक का मौका नहीं दिया। आज वह छत्तीसगढ़ के लोगों को कला से जोड़कर रोजगार के नए अवसर भी प्रदान कर रहे हैं। लोग न केवल उनके साथ काम कर रहे हैं, बल्कि इस नई कला को सीखने में भी रुचि दिखा रहे हैं। 'हरिभूमि से खास बातचीत' में मिंटू मांझी बताते हैं कि जब वे छठवीं कक्षा में थे, तबसे ही उनकी रुचि कला में थी। मिट्टी को देखकर उनके मन में हमेशा नई-नई कलाकृतियां बनाने के विचार उत्पन्न होने लगते थे। बचपन में ही उन्होंने कई कलाकृतियों का निर्माण किया। उन्होंने कोलकाता की गलियों में घूम-घूमकर कला का अध्ययन किया और उसके बाद छत्तीसगढ़ के इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में पढ़ाई करने के लिए अपना रुख किया।

## 'कर्म' ने छुड़ा दिया 'जन्मभूमि' का मोह

### बचपन से कला और संस्कृति में रुचि

मिंटू मांझी का जन्म भारतीय साहित्यिक और कलात्मक विचारों और भारतीय राष्ट्रवाद के जन्मस्थान कोलकाता के समीप एक छोटे से गांव में हुआ। बचपन से ही उनकी रुचि कला और संस्कृति की ओर रही। उन्होंने अपने इस शौक को पूरा करने के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त की और आज कई लोगों को इस कला में निपुण बना रहे हैं। सीमेंट आर्ट के माध्यम से उन्होंने छत्तीसगढ़ की संस्कृति को सहेजने का काम किया है।



### नहीं कर पाए 32 हजार की नौकरी

मिंटू को आर्ट टीचर के रूप में कवर्धा के एक स्कूल में नौकरी करने का मौका मिला, लेकिन उन्होंने अपनी कला के काम को फैलाने का निर्णय लिया और केवल एक हफ्ते में ही वह नौकरी छोड़ दी। वहां उन्हें 32 हजार रुपए की सैलरी ऑफर की गई थी। आज उनके साथ लगभग 18 से 20 लोग काम कर रहे हैं, जिनमें से चार बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स के छात्र हैं। ये सभी रोजाना 700 रुपए से अधिक कमाई कर रहे हैं।

# राजधानी में उत्तर, दक्षिण और ग्रामीण में निकली तिरंगा यात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में मंगलवार को रायपुर उत्तर, रायपुर दक्षिण और रायपुर ग्रामीण में तिरंगा यात्रा निकाली गई। रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व सांसद सुनील सोनी ने रायपुर दक्षिण, विधायक पुरंदर मिश्रा रायपुर उत्तर और मोतीलाल साहू रायपुर ग्रामीण की की तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

रायपुर दक्षिण की तिरंगा यात्रा में बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, यात्रा का मकसद देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक तिरंगे का प्रचार-प्रसार करना है। साथ ही लोगों को अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना और स्वतंत्रता दिवस के महत्व को समझाना है। इस तरह की यात्रा से लोगों में राष्ट्रीय भावना का संचार होता है और यह हमारे स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों को श्रद्धांजलि देने का एक माध्यम भी है।

तिरंगा यात्रा की शुरुवात तत्पर कार्यालय से हुई यहां से बूढ़ातालाब चौक, बूढ़ेश्वर मंदिर चौक, पुरानी बस्ती थाना, नगर घड़ी चौक, शास्त्री चौक, जयस्तंभ चौक, शारदा चौक, तात्यापारा चौक, आजाद चौक, कंकाली हॉस्पिटल चौक, सत्ती बाजार चौक, सदर बाजार, सदानी चौक होते हुए कोतवाली चौक में तिरंगा यात्रा का समापन हुआ। यात्रा में भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल हुए।

### बाइक रैली भी

रायपुर उत्तर की तिरंगा यात्रा में भाजयुमो ने बाइक रैली भी निकाली। इस यात्रा में रायपुर उत्तर में विधायक पुरंदर मिश्रा, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता व नलिनीश ठोकने, जिला उपाध्यक्ष अकबर अली सहित रायपुर उत्तर के मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसी प्रकार रायपुर ग्रामीण विधानसभा में विधायक मोतीलाल साहू, पूर्व विधायक नंदे साहू, मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बाइक रैली में शरीक हुए।

# सिंहदेव बोले- कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलती है तो लेने तैयार हूं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा, वे पार्टी में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सहित किसी भी जिम्मेदारी को संभालने के लिए तैयार हैं। कल दिल्ली में फैक्ट फाइंडिंग कमेटी की बैठक में प्रदेश के नेताओं से कमेटी के अध्यक्ष वीरप्पा मोइली ने वन-टू-वन चर्चा कर संगठन को मजबूत करने पर भी सुझाव लिए थे। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के चुनाव में हार के लिए पार्टी में अंतर्कलह की बात समीक्षा में आई थी। जून में हुई समीक्षा में 11 लोकसभा क्षेत्रों में एक हजार से अधिक कार्यकर्ताओं से चर्चा की गई थी। दिल्ली में प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं से चर्चा कर उनसे हार के कारणों की जानकारी के बाद समिति अंतिम रिपोर्ट एआईसीसी को सौंपेंगी। नई दिल्ली से लौटने के बाद एयरपोर्ट पर चर्चा में उन्होंने कहा, नई दिल्ली में हुई बैठक में विधानसभा-लोकसभा चुनावों में हुई हार की समीक्षा की गई। बैठक में हार के लिए जिम्मेदार लोगों पर भी चर्चा हुई। पार्टी यह मानकर चल रही थी कि लोकसभा में कम से कम 4-5 सीटें आएंगी, लेकिन ऐसा हुआ कि नतीजे पलट गए। प्रदेश अध्यक्ष बदले जाने के सवाल पर उन्होंने कहा, बदलाव प्रकृति का नियम है, लेकिन ये बदलाव कब होगा यह पार्टी हाईकमान तय करेगा।



- हाईकमान से कहा- संगठन में कोई भी जिम्मेदारी लेने तैयार

### कोई भी जिम्मेदारी लेने तैयार

पीसीसी अध्यक्ष के लिए उनके नाम की चर्चा को लेकर सिंहदेव ने कहा, मीडिया मंथन करता है। उसके मंथन में कई नाम चर्चा में आ जाते हैं। मेरा भी नाम रहा होगा। मैं परिवार में गमी के कारण संगठन से मिल नहीं सका था, इसलिए दिल्ली गया था। मैंने हाईकमान को यह भी बताया है कि मैं संगठन में किसी भी जिम्मेदारी को लेने के लिए तैयार हूं। अगर मुझे कांग्रेस अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलती है, तो वो भी मैं लेने को तैयार हूं।

### पुरानी बातों से सबक लेना चाहिए

श्री सिंहदेव ने कहा, लोकसभा-विधानसभा की हार से सबक लेना चाहिए। पार्टी व्यक्ति केंद्रित नहीं होनी चाहिए। पूर्व सीएम भूपेश बघेल और उनके बीच खींचतान की वजह से चुनाव में भारी नुकसान के सवाल पर उन्होंने कहा, पुरानी बातों से सबक लिया जाना चाहिए।

# क्षतिग्रस्त पुलों की रेलिंग एवं क्रैश बैरियर का निरीक्षण कर सुधार का आदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में बारिश के मौसम में जलजमाव होने के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग ने नदियों पर बने पुलों के दोनों ओर अस्थाई बैरियर, रिफ्लेक्टर और साइन-बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने मैदानी अधिकारियों को क्षतिग्रस्त पुलों की रेलिंग एवं क्रैश बैरियर का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कार्य कराने को कहा है।

- डिप्टी सीएम का निर्देश, प्रमुख अभियंता ने जारी किया परिपत्र

### डिप्टी सीएम साव का है निर्देश

उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के निर्देश पर प्रमुख अभियंता ने वर्षा ऋतु में अतिवृष्टि से जान-माल की सुरक्षा और सुरक्षित यातायात के लिए सभी परिक्षेत्रों के मुख्य अभियंताओं, सभी मंडलों के अधीक्षण अभियंताओं एवं संभागीय कार्यपालन अभियंताओं को परिपत्र जारी किया है। उन्होंने सभी अधीक्षण अभियंताओं को हर 15 दिनों में अनुविभागीय अधिकारियों और कार्यपालन अभियंताओं के साथ इस संबंध में की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं।

### प्रमुख अभियंता ने जारी किया परिपत्र

लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता केके पीपरी ने परिपत्र में निर्देशित किया है कि ऐसे सभी स्थानों और मार्गों जिनमें वर्षा ऋतु में आम जनता के लिए समस्या की स्थिति उत्पन्न होती है, उन पर विशेष ध्यान दिया जाए। बारिश के दिनों में अतिवृष्टि से मार्गों पर विद्यमान नदी-नालों पर बाढ़ एवं कई स्थानों में सड़क डूबने जैसी स्थिति निर्मित होती है। इन स्थितियों में जान एवं माल की सुरक्षा तथा कार्यस्थलों पर सुरक्षित कार्य के लिए समुचित व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने ऐसे सभी स्थानों को चिन्हांकित करने के निर्देश दिए हैं जहां वर्षा ऋतु के दौरान मार्ग एवं पुल के डूबने की स्थिति निर्मित होती है।

# 164 हेक्टेयर की माइनिंग लीज हजार रुपए के स्टाम्प पर ट्रांसफर, शासन को लगाया 10 करोड़ का चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लाफार्ज सीमेंट कंपनी की 164 हेक्टेयर की माइनिंग लीज का निरमा कंपनी के नाम रजिस्ट्री के बजाए पंजीयन अधिकारी ने सिर्फ एक हजार के स्टाम्प में सुधारनामा कर मालिकाना हक सौंप दिया। शासन को 10 करोड़ से अधिक के राजस्व का नुकसान इससे हुआ। सरकार बदलने के बाद मामले में विजिलेंस जांच शुरू हो गई है। पंजीयन शुल्क में गाइड लाइन का पालन नहीं करने और गलत मूल्यांकन को लेकर वाणिज्यकर विभाग सभी जिलों के रजिस्ट्री के पुराने प्रकरणों को खंगाल रहा है।

जांजगीर-चांपा जिले का एक मामला सामने आया है, जिसे विजिलेंस को जांच के लिए भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा। जून 2018 में माइनिंग लीज एक हजार रुपए में निरमा कंपनी को बेचने का खुलासा हुआ है। कंपनी ने लीज एग्रीमेंट के रूप में रजिस्ट्री के लिए पेपर पेश किया था, लेकिन रजिस्ट्री अधिकारी ने कंपनी को फायदा पहुंचाने सुधारनामा करार दिया। उसने 164 हेक्टेयर का माइनिंग लीज एक हजार स्टांप पेपर में ट्रांसफर कर दिया। बताया जाता है कि रजिस्ट्री अधिकारी ने सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के विभिन्न उद्धहरण का हवाला देते हुए लिखा है कि इसे नाम सुधार माना जाए। जबकि, ये नाम सुधार नहीं, मालिकाना बदल रहा था। रजिस्ट्री में सुधार का नियम, इसलिए बनाया गया है कि कोई लिपिकीय त्रूटि या टंकन की, उसे एक हजार के स्टाम्प पर सुधार कराया जा सके।

- डिप्टी रजिस्ट्रार के खिलाफ विजिलेंस को जांच के लिए भेजा गया
- पंजीयन शुल्क में गाइड लाइन का पालन नहीं करने और गलत मूल्यांकन का मामला


फाइल फोटो

### रेमंड के समय हुआ था लीज ट्रांसफर

डिप्टी रजिस्ट्रार ऊषा साहू ने उसी पेपर में लिखा है कि 2001 में जब अकलतरा स्थित रेमंड प्लांट लाफार्ज को बेचा गया तो माईनिंग लीज ट्रांसफर करने के लिए मुद्रांक शुल्क 21 लाख 14 हजार और पंजीयन शुल्क 2 लाख 25 हजार चुकाया गया। रेमंड से लाफार्ज को लीज ट्रांसफर में करीब 23 लाख रुपए शुल्क जमा किया गया।

### 2001 में लाफार्ज ने खरीदा

रेमंड से 2001 में प्लांट और उसका माईनिंग लीज खरीदने वाली लाफार्ज कंपनी ने 2018 में उसे निरमा ग्रुप की नुवोको कंपनी को बेच दिया। चूकि लाफार्ज बड़ी कंपनी हो गई थी और इसका रजिस्ट्री खर्च करोड़ों में आता, लिहाजा प्लांट वालों ने रजिस्ट्री अधिकारियों से संपर्क किया। रजिस्ट्री अधिकारियों ने बड़ी लेनदेन की शर्त पर सेल डीड दिखाने की बजाए उसे बिक्री सुधारनामा के तहत मात्र एक हजार रुपए के स्टाम्प पर कर दिया। 2018 में अगर नियमानुसार माईनिंग लीज की रजिस्ट्री की गई होती, तो 10 करोड़ से अधिक राजस्व सरकार के खजाने में आता।

# छोटे व्यापारियों को न करें परेशान, वित्तमंत्री ओपी का अफसरों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वाणिज्यिक कर एवं वितमंत्री ओपी चौधरी ने विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान अफसरों को निर्देश दिया है कि किसी भी व्यवसायियों को विशेषकर छोटे व्यवसायियों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। यह समीक्षा बैठक मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर में आयोजित की गई। मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्धारित राजस्व लक्ष्य को प्राप्त करने के प्रयास किये जाएं। उन्होंने अप्रैल से जुलाई तक प्राप्त राजस्व पर संतोष व्यक्त किया तथा प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों के अनुरुप कर संग्रहण करने हेतु विभिन्न पहलुओं पर विचार करते हुए पारदर्शिता से कार्य करने के निर्देश दिए।




### रोकें कर अपवंचन

मंत्री श्री चौधरी ने यह भी निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी अधिकारी सकारात्मक सोच के साथ कार्य करें। उन्होंने कर अपवंचन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए साक्ष्य आधारित कार्यवाही करने पर जोर दिया। साथ ही विभाग में उपलब्ध आधार-भूत सुविधाओं, डेटा एनॉलिटिक्स के माध्यम से पिन पाईंट, कर अपवंचन रोकने की कार्यवाही करने कहा। बैठक में वाणिज्यिक कर सचिव मुकेश बंसल, आयुक्त पुष्पेंद्र मीणा तथा विभाग के विशेष आयुक्त से सहायक आयुक्त स्तर तक के सभी अधिकारी उपस्थित थे।

# भूपेश का पलटवार, कहा- भाजपा नेताओं का नक्सलियों से संबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, भाजपा की सरकार बनते ही एजेंसियों का दुरुपयोग शुरू हो जाता है। राजनांदगांव पुलिस ने जिन्हें तेंदूपत्ता ठेकेदार से नक्सलियों की लेवी वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया है, उसी ठेकेदार सुधीर कुमार माणिक ने पूर्व मंत्री महेश गागड़ा के रिश्तेदार पेखन गागड़ा के खाते में लगभग 91 लाख रुपए डाला था। पुलिस भाजपा नेता पूर्व मंत्री महेश गागड़ा को बचाने लेवी वसूलीकर्ता पेखन गागड़ा को गिरफ्तार नहीं कर रही है। भाजपा नेताओं का संबंध नक्सलियों से है। भूपेश बघेल ने संवाददाताओं से चर्चा में कहा, भाजपा सरकार अपनी काली करतूत छिपाने कांग्रेस नेताओं पर झूठे आरोप लगा रही है। नक्सलियों के लिए लेवी वसूलने के आरोप में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ़्तार किया है। इन पर आरोप है कि इन्होंने ठेकेदारों से दबाव डालकर वसूली की, ताकि नक्सलियों तक राशि पहुंचाई जा सके। जिन ठेकेदारों से वसूली के आरोप हैं, उनमें एक नाम सुधीर माणिक का भी है।



### मामला गंभीर, किसी को बख्शा नहीं जाना चाहिए

यह गंभीर मामला है, इसमें सरकार और पुलिस को मेरा तेरा नहीं देखना चाहिए। एक जैसे मामले हैं, तो एक जैसी कार्रवाई होनी चाहिए। अगर ये पांच लोग नक्सलियों के लिए वसूली कर रहे थे, तो पूर्व मंत्री महेश गागड़ा के रिश्तेदार पेखन गागड़ा को भी इन्हीं धाराओं में गिरफ्तार किया जाना चाहिए। इन्हीं धाराओं में महेश गागड़ा और भाजपा पदाधिकारी लवकुमार रायडू पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। नक्सल मामले में किसी को नहीं बख्शा जाना चाहिए।

# स्नैप चैट में दोस्ती कर अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने वाला युवक मप्र से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

युवती, किशोरियों से स्नैप चैट में दोस्ती कर उनका फोटो, वीडियो का अश्लील क्लिप तैयार कर सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने मध्यप्रदेश के एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आए युवक के खिलाफ पुरानीबस्ती थाने में एक किशोरी के परिजनों ने ब्लैकमेलिंग करने की शिकायत दर्ज कराई थी।

- युवती, किशोरियों से दोस्ती के बाद फोटो एडिट कर सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देता था



पुलिस के मुताबिक ब्लैकमेलिंग करने के आरोप में मध्यप्रदेश, ग्वालियर निवासी भारत अगईया को गिरफ्तार किया गया है। युवक के कब्जे से पुलिस ने मोबाइल, मोडम जब्त किया है। किशोरी के परिजनों ने पुलिस को बताया है कि उनकी बेटी की स्नैप चैट आईडी से अज्ञात व्यक्ति ने फोटो, वीडियो निकालकर अश्लील वीडियो, फोटो तैयार कर ली और पैसों की मांग कर रहा है। पैसा नहीं देने पर फोटो, वीडियो सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी दे रहा है। परिजनों ने पुलिस को बताया है कि पुलिस गिरफ्त में आए भारत ने उनकी बेटी की अश्लील फोटो, वीडियो बनाकर उनकी सहेलियों के साथ किशोरी जिस स्कूल में पढ़ती थी, वहां के प्रिंसिपल तथा उन्हें पोस्ट किया है। पुलिस ने स्नैप चैट आईडी के माध्यम से भारत का मोबाइल नंबर हासिल कर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

### इस तरह से फंसाता था जाल में

पुलिस के अनुसार भारत ने बीटीएस ब्वाय के नाम से स्नैप चैट में आईडी बनाया था। अपनी फेक आईडी से भारत लड़कियों से संपर्क करता था और उनके साथ मीठी-मीठी बातें कर अपने जाल में फंसाकर लड़कियों से स्नैप चैट में वीडियो, फोटो मंगाता था। इसके बाद लड़कियों की फोटो एडिट करके घर वालों को भेजने की धमकी देकर उनका ओरिजनल अश्लील फोटो और विडियो प्राप्त कर लेता था। वहीं फोटो व विडियो संबंधित लड़की को भेजकर उन्हें धमकी देते देता और पैसे की मांग करता था।

## खबर संक्षेप

### चंदन कुमार बने विशेष सचिव वित्त

**रायपुर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा 2011 बैच के अधिकारी चंदन कुमार को वित्त विभाग में विशेष



सचिव बनाया गया है। इसके साथ ही उन्हें विशेष सचिव सामान्य प्रसान एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। इस संबंध में मंगलवार को वित्त विभाग ने आदेश जारी किया है। आदेश में ये भी कहा गया है कि चंदन कुमार वित्त विभाग में विशेष सचिव बजट के रूप में भी कार्य करेंगे।

### जोन-10 अमलीडीह में निकाली तिरंगा रैली




**रायपुर।** जोन क्रमांक-10 के अमलीडीह में हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा रैली निकाली गई, जिसमें जोन के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। मुख्य रूप से जोन आयुक्त राकेश शर्मा ने रैली की अगवाई की। उनके साथ दिनेश सिन्हा, क्रिस्टमनी अनुकंपा बारा, फत्तेलाल साहू, गुलाबचंद कर्ष, निवृत्ति परमार, दीप्ति कुर्रे, अंकुर अग्रवाल, अतुल सिंह, मनोज कुमार, दिलीप साहू आदि उपस्थित थे।

### ब्रह्माकुमारी बहनों ने पुलिस प्रशिक्षुओं को बांधी राखी



**रायपुर।** पुलिस प्रशिक्षण केंद्र माना में प्रशिक्षण के लिए अपने घर से दूर, विभिन्न जिलों से आए हुए प्रशिक्षुओं को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों ने रक्षाबंधन का आध्यात्मिक महत्व समझाते हुए राखी बांधी। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक राजकुमार मिंज, उप पुलिस अधीक्षक राकेश बघेल सहित बस्तर के लिए चयनित विशेष आरक्षक भी शामिल थे। इस मौके पर प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व हमें मन-वचन-कर्म से पवित्रता को अपनाने का संदेश देता है। हमें काम, क्रोध आदि विकारों से आत्मा की रक्षा की जरूरत है। ब्रह्माकुमारी बहनों ने सभी को रक्षासूत्र बांधकर मुंह मीठा कराया। कार्यक्रम को पुलिस अधीक्षक राजकुमार मिंज, उप पुलिस अधीक्षक राकेश बघेल, ब्रह्माकुमारी रश्मि दीदी ने संबोधित किया।

### आवेदन पर ही छुट्टी दें, आवश्यक कार्य से बाहर जाना पड़े तो सूचना देकर पंजी में उसका उल्लेख करें



**रायपुर।** संभाग कमिश्नर महादेव कावरे ने लेटलतीफी के बाद अब बिना सूचना दिए छुट्टी लेने व ड्यूटी के दौरान कई घंटे गायब रहने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों पर भी सख्ती करना शुरू कर दिया है। कमिश्नर ने मंगलवार को जिला पंचायत कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी अधिकारी-कर्मचारी को बिना आवेदन दिए छुट्टी न दें और ड्यूटी के दौरान अगर आवश्यक कार्य से बाहर जाना पड़े, तो इसकी भी सूचना लें तथा पंजी में उसका उल्लेख कराएं। संभाग कमिश्नर का पदभार संभालने के बाद महादेव कावरे लगातार विभागों के कार्यालयों का निरीक्षण कर रहे हैं। इस दौरान वे कार्यालयों में कामकाज की जानकारी लेने के साथ विलंब से ड्यूटी पहुंचने और काम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारियों पर भी नजर बनाए हुए हैं। अब तक उन्होंने 56 अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इनमें 54 अधिकारी-कर्मचारियों को लेटलतीफी के कारण नोटिस जारी किया है।

**आयोजन :** हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली गई तिरंगा यात्रा

# देशभक्ति के नारों से गूंजा शहर, तिरंगा यात्रा में सभी वर्गों के लोग हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत मंगलवार शाम 4 बजे बेमेतरा में विधानसभा स्तरीय विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन भारतीय जनता पार्टी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू थे। तिरंगा यात्रा में बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के तीनों मण्डल बेरला, भिंभौरी व बेमेतरा के भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। तिरंगा रैली विधायक कार्यालय से प्रारम्भ हुई, जो जय स्तंभ चौक से होते हुए भारत माता चौक, नवीन बाजार, गौरव पथ, शहरी क्षेत्र के प्रमुख चौक-चौराहों और बाजारों से गुजरते हुए पुनः जय स्तंभ चौक पर समाप्त हुई। जय स्तंभ चौक पर देश के शहीद वीर बालिदानी सपूतो को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। इस दौरान भारत माता की झांकी, गाजे -बाजे, डीजे, आतिशबाजी के साथ कार्यकर्ताओं ने नगर भ्रमण किया। तिरंगा यात्रा के दौरान रास्ते भर भारत माता की जय, वन्देमातरम, इंकलाब जिंदाबाद की गूंज होती रही। तिरंगा यात्रा में दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल,



संभाग प्रभारी व पूर्व विधायक अवधेश सिँह चंदेल भी मौजूद रहे।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, शहर मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू, भाजपा जिला महामंत्री विकाश तम्बोली, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ललिता साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रहलाद रजक, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष परमेश्वर वर्मा, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू देवांगन, धर्मेंद्र साहू, युगल देवांगन, राजेश दीवान, भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी, युगल देवांगन परमेश्वर साहू, रीना साहू सावित्री साहू, बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के समस्त मण्डल के अध्यक्ष सदस्य, समस्त पार्षद, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सहित भारी संख्या में महिला पदाधिकारियों, गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### तिरंगा हमारे राष्ट्रीय गौरव और एकता का प्रतीक : दीपेश

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा क प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में घर घर तिरंगा पहुंचाने तक पदयात्रा एवं बाइक रैली निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि तिरंगा न केवल हमारी आजादी का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे राष्ट्रीय गौरव एवं एकता का भी प्रतीक है। उन्होंने सभी से अपने घरों पर तिरंगा फहराने का आग्रह किया।



## डाइट बेमेतरा में हुई रंगोली प्रतियोगिता

**बेमेतरा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा महा अभियान के अंतर्गत डीएलएड द्वितीय वर्ष के छात्र अध्यापकों के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 14 छात्र अध्यापकों ने देशभक्ति से संबंधित रंगोली बनाई। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी यमुना जांगड़े एवं प्राचार्य जेके घृतलहरे ने सभी प्रतिभागियों की रंगोली का बारीकी से निरीक्षण किया। कार्यक्रम में व्याख्याता उषा किरण पांडेय, जीएल खुटियारे, थलज कुमार साहू, राजकुमार वर्मा, श्रद्धा तिवारी, कीर्ति घृतलहरे सहित द्वितीय वर्ष के सभी छात्र अध्यापक उपस्थित थे।



## घिवरी स्कूल के बच्चों ने निकाली तिरंगा रैली



**बेमेतरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घिवरी में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 'हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत एक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस के मौके पर हर घर में तिरंगा फहराने और देशभक्ति की भावनाओं को बढ़ावा देना रहा। सभी विद्यार्थियों और उपस्थित व्यक्तियों ने देशभक्ति के नारे लगाते हुए रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। और देशप्रेम का संदेश फैलाया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारी ने देशप्रेम और राष्ट्रीय ध्वज के महत्व के बारे में जानकारी दिया। इस रैली में ग्राम पंचायत घिवरी के सरपंच ओमप्रकाश कश्यप, प्रधान पाठक पंचराम साहू, व्याख्याता संतोष कुमार गायकवाड़, शिक्षक मनोज कुमार कश्यप, लोकेश्वर दास मानिकपुरी, शिक्षिका उषा पाटकर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सविता राजपूत और कर्मचारी अनल सिंह राजपूत उपस्थित रहे।

## सिंघौरी स्कूल के विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा रैली



**बेमेतरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिंघौरी में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत जन जागरूकता फैलाने के लिए विद्यार्थियों ने रैली निकाली। इस दौरान बच्चों ने देशभक्ति गीतों और नारों से लोगों में जोश व उत्साह भर दिया। उन्होंने ग्रामीणों से घर-घर तिरंगा फहराने का आह्वान कया। शिक्षक प्रशांत बघेल ने बच्चों को राष्ट्रध्वज तिरंगा का महत्व बताया। वहीं, विद्यार्थियों ने अपने घरों में तिरंगा फहराने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधान पाठक मीनाक्षी शर्मा, संकुल समन्वयक धनीराम बंजारे सहित सरस्वती साहू,आगेश्वरी साहू,राजेश्वरी ठाकुर, देवेंद्र साहू,नुतेश्वर चंद्राकर,प्रशांत बघेल एवं साजन वर्मा उपस्थित थे।

## चीजगांव में निकाली गई तिरंगा जागरूकता रैली

**बेमेतरा।** साजा विकासखण्ड के ग्राम चीजगांव के शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत जन जागरूकता फैलाने के लिए विद्यार्थियों द्वारा रैली निकाली गई।

इसमें बच्चों ने भारत माता की जय और विजयी विश्व तिरंगा प्यारा झंडा ऊंचा रहे हमारा सहित विभिन्न देशभक्ति के नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक लोकेश कुमार साहू एवं पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक अशोक कुमार साहू ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह तिरंगा हमारी आन मान और शान का प्रतीक है। सब विद्यार्थियों ने अपने घरों में शान के साथ तिरंगा फहराने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक लोकेश कुमार साहू, सहायक शिक्षक रिखीराम यादव, परमानंद तिवारी एवं पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक अशोक कुमार साहू, शिक्षक दीपक लाल ठाकुर, सरकार सिंह, प्राथमिक शाला विकास समिति के अध्यक्ष बलराम साहू एवं पूर्व शाला के विकास समिति अध्यक्ष भगेला साहू उपस्थित रहे।

### सद्गुरु कबीर आश्रम बेरला में हुई नवयुवक मंडल की बैठक



**बेरला।** सदगुरु कबीर आश्रम बेरला में नवयुवक मंडल की बैठक रखी गई। बैठक में पंथ श्री हजूर नवोदित वंशाचार्य उदित मुनि नाम साहब के स्वागत के लिए 18 अगस्त को निकाली जाने वाली बाइक रैली की तैयारियों के संबंध में चर्चा की गई। बाइक रैली कबीर आश्रम बेरला से अमलेश्वर के लिए निकाली जाएगी। परम पूज्य पंथ श्रीउदित मुनि नाम साहब सदगुरु कबीर नवोदय मिशन की शुभारंभ राजस्थान की पावन भूमि से की है। नवयुवक मंडल के सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है। बैठक में राम सुहागिन द्वारका साहू, कन्हैया, संतोष निर्मलकर, ओंकार, खेमलाल, नेमलाल, वेद कुमार, क्वेश्चन, परमानंद, वासुदेव, लेखराम, वेदराम, चुनूराम, मिलन, राम सत्य प्रकाश उपस्थित थे।

### हाथीडोब में बच्चों ने लोगों को तिरंगा फहराने किया प्रेरित



**बेमेतरा।** हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला हाथीडोब में तिरंगा रैली निकाली गई। इस दौरान बच्चों ने बहुत ही उत्साह के साथ गांव की गलियों में देशभक्ति गीतों, नारों के साथ भ्रमण किया और लोगों को घर-घर तिरंगा फहराने के लिए जागरुक किया। साथ ही शाला में रंगोली, चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने चित्र एवं रंगोली बनाए। कार्यक्रम में शामिल बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संकुल समन्वयक मन्नू लाल साहू, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक तुकाराम खाण्डे एवं पूर्व माध्यमिक शाला की प्रधान पाठक प्रतिभा तिर्की, मनीषा पड़ौती एवं शिक्षक गणेश्वर दीवान उपस्थित रहे।

### प्राथमिक शाला मगरघटा के बच्चों ने निकाली रैली, किया तिरंगा वितरण



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला मगरघटा विकासखण्ड नवागढ़ में बच्चों ने घर -घर तिरंगा के तहत विद्यालय में निबंध लेखन, चित्रकारी व कविता का आयोजन किया गया। हर घर तिरंगा, तिरंगा हमारी शान, भारत की यही पहचान है। विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा आदि नारों व स्लोगन के साथ ग्राम भ्रमण किया गया। आजादी की अमृत महोत्सव के अंतर्गत तिरंगा वितरण किया गया, जिसे 15 अगस्त तक फहराने का आह्वान किया गया। रैली में शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ ग्रामीण जनों ने अपनी सहभागिता दी। रैली में प्रधान पाठक ओंकार प्रसाद ध्रुव, नवाचारी शिक्षिका शीतल बैस, शिक्षक राधेश्याम सिंह बैस समस्त स्टॉफ व बच्चों ने घर-घर तिरंगा फहराने का आह्वान किया। ग्राम भ्रमण के बाद विद्यालय में वापस आकर बच्चों ने गीत व कविताओं की प्रस्तुति दी।

**250 हेक्टेयर में 10 से 2 हजार पीपीएम लीथियम कंटेन्ट की उपलब्धता**

# कटघोरा में खुलेगी देश की पहली लीथियम खदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि के रूप में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल नई दिल्ली के डॉ. आंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित नेशनल मिनिरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट की 6वीं गवर्निंग बॉडी मीटिंग में शामिल हुए। बैठक में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी की अध्यक्षता में खनिजों का दोहन और उनके उपयोग के साथ प्रकृति एवं पर्यावरण के संरक्षण पर चर्चा हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्थित कटघोरा क्षेत्र की भी चर्चा हुई। जिओलाजिकल सर्वे आफ इंडिया में कटघोरा के लगभग 250 हेक्टेयर क्षेत्र में लीथियम के बड़ा भंडार होने की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने संवाददाताओं से चर्चा में इसकी जानकारी देते हुए कहा, कटघोरा में शीघ्र ही शुरू होने वाली लीथियम की खदान देश की पहली लीथियम खदान होगी। वर्तमान में लीथियम एक अहम धातु है, जिससे राज्य और देश विकास की नई दिशा की तरफ अग्रसर होंगे। उन्होंने कहा, लीथियम खदान के शुरू हो जाने से छत्तीसगढ़ आने वाले समय में देश के अग्रणी राज्यों में से एक होगा और विकसित भारत, 2047 के योगदान में छत्तीसगढ़ के लीथियम भंडार का बड़ा योगदान होगा।

नेशनल मिनिरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट की 6वीं गवर्निंग बॉडी मीटिंग में शामिल हुए मंत्री जायसवाल




### ई-नीलामी में लीथियम एंड आरईई ब्लॉक भी शामिल

गौरतलब है कि भारत सरकार के खान मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ सहित बिहार, गुजरात, झारखण्ड, ओडिशा, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, जम्मू और कश्मीर में स्थित 20 क्रिटिकल एंड स्ट्रेटेजिक मिनरल ब्लॉक्स का ई-नीलामी के माध्यम से आबंटन के लिए एमएसटीसी पोर्टल में एनआईटी जारी किया गया है। इन 20 ब्लॉक्स में से छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्थित कटघोरा क्षेत्र में लीथियम एंड आरईई ब्लॉक भी शामिल है। लगभग 250 हेक्टेयर क्षेत्र में जीएसआई द्वारा प्रारंभिक सर्वे में लगभग 10 पीपीएम से 2 हजार पीपीएम लीथियम कन्टेन्ट पाया गया है। ब्लॉक में रेयर अर्थ एलिमेंट की भी उपस्थिति पाई गई है।

### इन क्षेत्रों में लीथियम का उपयोग

क्रिटिकल एंड स्ट्रेटेजिक मिनरल्स की आवश्यकता रिन्यूवेबल एनर्जी, रक्षा, कृषि, फार्मास्यूटिकल, उच्च-तकनीकी इलेक्ट्रानिक्स, दूरसंचार, परिवहन आदि में होती है। इस खनिज के मामलों में वर्तमान में देश आयात पर निर्भर है।

**विदेश में निर्यात के लिए मिलेगी मदद**

# आईआईएफटी और ईडीआईआई से राज्य सरकार का एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने मंगलवार को आईआईएफटी और ईडीआईआई से एमओयू किया है। बताया गया है कि इस एमओयू से प्रदेश के उत्पादों को विदेश में निर्यात करने में सहायता मिलेगी। इसके साथ ही उद्यमियों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण भी मिलेगा। मुख्यमंत्री निवास में हुए इस एमओयू के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उद्योगमंत्री लखनलाल देवांगन विशेष रूप से मौजूद थे।

छत्तीसगढ़ राज्य में वर्तमान में विदेश व्यापार, निर्यात प्रोत्साहन हेतु कोई समुचित संस्थान स्थापित एवं कार्यरत नहीं है। पूर्व में राज्य में डीजीएफटी के द्वारा, एक केन्द्र का संचालन उद्योग भवन, रायपुर में किया जाता था। कालांतर में ऑनलाईन व्यवस्था सुदृढ़ होने तथा डीजीएफटी के द्वारा अपने प्रशासकीय निर्णय के आधार पर छत्तीसगढ़ में स्थापित एवं कार्यरत कार्यालय को बंद कर दिया गया। इस आवश्यकता की पूर्ति के लिए राज्य के निर्यात से जुड़े हुए व्यवसायियों द्वारा निरंतर छत्तीसगढ़ में निर्यात व्यापार को सहयोग प्रदान करने के लिए, मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए किसी उपयुक्त संस्थान की स्थापना के लिए, मांग की जा रही है। इस हेतु वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के माध्यम से विभिन्न स्तरो पर प्रयास किये गये।